# आएगा आएगा मेरा साँवरा | By Toshi Kaur

आएगा आएगा आएगा
मेरा सांवरा रे मेरा सांवरा
आएगा आएगा .......

जब जब भी इस जहाँ में
दिल से पुकार होगी
लीले की वो सवारी
सजके तैयार होगी
आएगा आएगा .......

चाहे गम कि आंधियां हो
संकट की हो हवाएं
विश्वास का ये दीपक
तेरा ना बुझने पाए
आएगा आएगा .......

आता सदा रहा है
आता ही ये रहेगा
बाबा का सच्चा प्रेमी
हर हाल में कहेगा
आएगा आएगा .......

चलती हैं जिनकी स्वाँसे
श्री श्याम के दरश से
कहती हैं उनकी आँखें
रोमी बरस बरस के
आएगा आएगा .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-toshi-kaur/